Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत संचालित एवं प्रसारित)

Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | खबर ही नही, खबरों का विश्लेषण भी | दिनांक 24-10- 2021 | अंक 35

प्रकाशन वर्ष : 2021 | बरही से प्रकाशित एवं संचालित | संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941



Website- www.apemlive.com | सच का साथी | Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### आपसी विवाद में हुई मारपीट में दंपति घायल, रेफर

**अपेम लाइव : बरही**

बरही थाना क्षेत्र के बरही पशिचमी पंचायत के वीर कुंवर सिंह पथ निवासी सुशील कुमार सिंह एव उनकी पत्नी सीमा कुमारी आपसी विवाद में हुई मारपीट में गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगो की मदद से उन्हें बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद गंभीरावस्था में सीमा कुमारी को सदर अस्पताल हज़ारीबाग़ रेफर कर दिया गया।



घायल महिला




## पिछले पांच साल से गौरिया कर्मा पीएचसी में नही हो पाई है रेगुलर डॉक्टर्स की पोस्टिंग, हो रही है परेशानी

### समाजसेवी रामचन्द्र यादव ने सीएम को पत्र लिखकर की पीएचसी एव उप स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर्स पोस्टिंग की मांग

**अपेम लाइव : बरही**

बरही अनुमंडलीय अस्पताल के अंतर्गत संचालित गौरिया कर्मा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एव दर्जनों उप स्वास्थ्य केंद्र में पिछले पांच सालों से नियमित डॉक्टर्स की पोस्टिंग नहीं की गई है। जिसके कारण पीएचसी गौरियकर्मा एव उप स्वास्थ्य केंद्र के आसपास की हज़ारो की आबादी स्वास्थ्य सुविधा से वंचित है। इस बाबत समाजसेवी रामचंद्र यादव ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर गौरियकर्मा पीएचसी एव एडिशनल पीएचसी में नियमित ड०क्टर्स की पोस्टिंग की मांग की है। मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में समाजसेवी रामचंद्र यादव ने बताया कि बरही मुख्यालय से 15 किमी की दूरी पर अवस्थित है गौरिया कर्मा पीएचसी। 24 घंटे खुलने वाले पीएचसी में डॉक्टर्स नही है। पिछले पांच साल से डॉक्टर्स की पोस्टिंग नही हुई है। जिसके वजह से गौरिया कर्मा, केदारुत, पीडारकोंन, भंडरा सहित लगभग 50 हज़ार की आबादी स्वास्थ्य सुविधा से वंचित है। ओपीडी इमरजेंसी की व्यवस्था नही है। मजबूरन लोगो को प्राइवेट अस्पताल में जाना पड़ता है। जिसके कारण आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है। उन्होंने बताया कि बरही अनुमंडलीय अस्पताल में छह एमबीबीएस ड०क्टर्स कार्यकर्त है। इसके बाद भी पीएचसी गौरियकर्मा में किसी भी एमबीबीएस डॉक्टर्स का प्रतिनियोजन नही किया गया है। जिसके कारण लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं नही मिल पा रही है। मांग करते हुए कहा कि यदि अविलम्ब गौरिया कर्मा पीएचसी सहित सभी एडिशनल पीएचसी में परमानेंट डॉक्टर्स की पोस्टिंग किया जाए।



रामचन्द्र यादव




## फाइनल क्रिकेट मैच में चलंगा ने मलकोको को 2 विकेट से हराया

### विजेता एव उपविजेता टीम को ट्रॉफी एव नकद राशि देकर किया गया पुरस्कृत

**अपेम लाइव : बरही**

बरही प्रखंड अंतर्गत मलकोको के गोमदवा टांड़ में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच मलकोको एव चलंगा के बीच खेला गया। उद्घटान जिप प्रतिनिधि मो क्यूम, भाजपा के जिलाउपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, बरही पूर्वी के जीप प्रत्याशी किशुन यादव,मलकोको पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि विजय यादव ने संयुक्त रूप से किया। जिसमे टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मलकोको की टीम ने 14 ओवर में 71 रन बनाई। जवाब देने उतरी चलंगा की टीम ने 13.5 ओवर में 8 विकेट खोकर मैच को अपने नाम कर लिया। विजेता रही चलंगा कि टीम को ट्रॉफी और 6000 रुपया देकर सम्मानित किया गया। वही उप विजेता बनी मलकोको की टीम को ट्रॉफी और 3500 देकर सम्मानित किया गया। इस मैच में निर्णायक की भूमिका शंकर दास एवं दिनेश कुमार ने निभाया। मोके पर विहिप नेता गुरुचरण गुप्ता, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि सुलेमान अंसारी,सुरेश यादव, मुखिया उम्मीदवार अरविंद प्रसाद, अब्दुल संजय, रंजीत यादव,मुस्ताक अंसारी, गुलाब दास, विजय राणा, हीरालाल , शंकर राणा, मो अख्तर, छत्रु यादव, दुगलाल ठाकुर, मोइन अंसारी, कंरुद्दीन अंसारी, शंकर राणा, मो अजहर, सुरेंद्र पासवन, हफ़िज़ महबूब एवं हिदायत अंसारी मुख्य रुप से उप. स्थित थे।



मैच का उद्घाटन करते अतिथि



विजेता टीम को पुरूस्कृत करते अतिथिगण




डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार | सहयोगी: सोन पंडित, धनंजय कुमार | एडिटिंग: कृष्णा प्रजापति | मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार, कपिल प्र० केशरी

दिनांक: 24-10-2021

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

पेज सं0: 02

## विवाह समारोह में कार्यकर्ताओं के साथ शामिल हुए सामाजिक कार्यकर्ता सह धनवार के पूर्व मुखिया राजेन्द्र प्रसाद

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**



विवाह समारोह मे शामिल राजेन्द्र प्रसाद

बरही प्रखण्ड अन्तर्गत धनवार निवासी सामाजिक कार्यकर्ता मो कलीम व पूर्व वार्ड सदस्य समा प्रवीण की पुत्री के वैवाहिक कार्यक्रम में धनवार पंचायत के सामाजिक कार्यकर्ता सह पूर्व मुखिया रा. जेन्द्र प्रसाद कुशवाहा शामिल हुए। उनके साथ सामाजिक कार्यकर्ता दामोदर प्रसाद वर्मा, प्रकाश साव, मिसवा आलम, मो रियासत, मो यूसुफ, नरेश प्रसाद, शिवशंकर यादव, ब्रह्मदेव यादव, नंदलाल प्रसाद आदि उपस्थित रहे। उपस्थित सभी लोगो ने बच्ची को वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं देते हुए उनके माता पिता को बधाई दिया। इस बाबत पूर्व मुखिया राजेन्द्र प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि पंचायत के पूर्व मुखिया एवं सामाजिक कार्यकर्ता होने के नाते काफी खुश हूं की पंचायत की आज एक बेटी का विवाह है, किसी भी माता पिता के लिए पुत्री के विवाह कार्यक्रम से बड़ी कोई महोत्सव नही होता। समाजसेवी मो कलीम ने अपनी पुत्री का विवाह सम्पन्न कराकर अपने पिता धर्म का निर्वहन किया है, जिसके लिए यह बधाई के पात्र हैं।

## जितेंद्र कुमार दिव्य उर्फ जीतु ठाकुर ने बरही पाश्चमी पंचायत से पंचायत समिति सदस्य के लिए पेश की दावेदारी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**

बरही प्रखंड अंतर्गत बरही पश्चमी पंचायत से जितेंद्र कुमार दिव्य उर्फ जीतु ठाकुर ने अपने पंचायत से पंचायत समिति सदस्य के लिए दावेदारी पेश कर दी है। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि उन्होंने स्वेच्छा से मुखिया प्रत्याशी से अपना नाम वापस ले लिया क्योंकि अभिभावक स्वरूप सभी मुखिया प्रत्याशियों के मान सम्मान रखते एवं आर्शीवाद प्राप्त करते हुए। मैंने पंचायत समिति सदस्य से चुनाव लड़ने का निर्णय लिया हुँ। साथ ही उन्होंने अपने पंचायतवासीयों से सहयोग के समर्थन मांगा है।



जितु ठाकुर का स्वागत करते पंचायत के लोग

## कोनरा पंचायत के भावी मुखिया उम्मीदवार हसबुन निशा ने चलाया जनसंपर्क अभियान, लोगो की सुनी समस्याएं

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**

बरही प्रखंड अंतर्गत कोनरा पंचायत के मुखिया पद के दावेदार शिक्षित एवं भावी मुखिया प्रत्याशी हसबुन निशा एवं उनके पति सह वरिष्ट सामाजिक कार्यकर्ता रि. जवान अली ने कोनरा पंचायत के शाकरी मुहल्ला, हुसैन नगर सहित क्षेत्र का भ्रमण कर आमजनों से जनसंपर्क किया एवं क्षेत्र की समस्या से अवगत हुई। साथ ही बहुत जल्द समस्या से निजात दिलाने के लिए विभाग के संबंधित आ. धिकारियों से बात कर सामाधान करवाने की बात कही। इस बार कोनरा पंचायत विसियों में त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में भाग लेने के लिए काफी हर्षित है। तथा जनता द्वारा अपना समर्थन देने का भरोसा जताया है।



लोगों से समर्थन मांगती हसबुन निशा




अपनी खबरें अपेम लाइव न्युज मे प्रकाशित करने के लिए संर्पक करें
9122222016 , 9550809864 , 9431129570

## बरही पूर्वी के भावी जिला परिषद सदस्य किशुन यादव ने ड़पोक में किया जनसंपर्क, लोंगो की सुनी समस्याए

### सभी जगह से जनता का भरपुर समर्थन मिल रहा है : किशुन यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**



जनसंपर्क अभियान चलाते किशुन यादव

बरही पूर्वी भावी जिला परिषद सदस्य सह समाजसेवी किशुन यादव ने ड़पोक पंचायत में ड़पोक गावँ में जनसंपर्क किया तथा लोगों की समस्याओं को गहराई से सुनकर समाधान करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने जनता से समर्थन मांगा। ग्रामीणो ने कहा कि इसबार हमसभी ग्रामीण किशुन यादव को जिताने का काम करेंगे। ग्रामीणों ने किशुन यादव पर भरोसा जताते हुए कहा कि कोई पद में भी नही रहते हुए लोगों और समाज का काम किया और हर सम्भव मदद के लिए तैयार रहते हैं। किशुन यादव ने कहा कि सभी जगहों से जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है। जनता अपने क्षेत्र का विकास का विकास चाहती है। सबकी आकांक्षाओं पर खरा उतरना मेरी प्राथमिकता होगी। मौके पर रामनारायण यादव, बीरेंद्र यादव, सन्तोष पांडेय, उमेश यादव, इन्द्रदेव यादव, अनिल साव, सुरेन्द्र राणा, पवन यादव, सिकन्दर यादव, नंदकिशोर यादव जागेश्वर साव, रो. हित यादव,पप्पू पासवान, अजय यादव, मथुरा यादव, भुवनेश्वर यादव, बलराज यादव, रामदेव यादव, प्रकाश यादव, राजकुमार पासवान, अनिल पासवान, नारायण राणा , उमेश यादव, शिवकुमार पा. सवान, सुभाष पासवान, अरविंद यादव, बिजय यादव, ब्रह्मदेव यादव आदि उपस्थित रहे।

## वर्तमान परिवेश में हर ग्रामीण नागरिक को कानून का बेसिक नॉलेज राखनीं चाहिए : मो मोअज्जम

## अमृत महोत्सव पर डीएलएसए को ओर बरही के तीन गांवों में चलाया गया विधिक जागरूकता अभियान

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**




वधिक जागरूकता अभियान चलाते डीएलएसए के अधिवक्ता एव पीएलवी

बरही अनुमंडलीय अस्पताल के अंतर्गत संचालित गौरिया कर्मा प्रा. थमिक स्वास्थ्य केंद्र एव दर्जनों उप स्वास्थ्य केंद्र में पिछले पांच सालों से नियमित डॉक्टर्स की पोस्टिंग नहीं की गई है। जिसके कारण पीएचसी गौरियकर्मा एव उप स्वास्थ्य केंद्र के आसपास की हज़ारो की आबादी स्वास्थ्य सुविधा से वंचित है। इस बाबत समाजसेवी रामचंद्र यादव ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर गौरियकर्मा पीएचसी एव एडिशनल पीएचसी में नियमित डॉक्टर्स की पोस्टिंग की मांग की है। मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में समाजसेवी रामचंद्र यादव ने बताया कि बरही मुख्यालय से 15 किमी की दूरी पर अवस्थित है गौरिया कर्मा पीएचसी। 24 घंटे खुलने वाले पीएचसी में डॉक्टर्स नही है। पिछले पांच साल से डॉक्टर्स की पोस्टिंग नही हुई है। जिसके वजह से गौरिया कर्मा, केदारुत, पीडारकोंन, भंडरा सहित लगभग 50 हज़ार की आबादी स्वास्थ्य सुविधा से वंचित है। ओपीडी इमरजेंसी की व्यवस्था नही है। मजबूरन लोगो को प्राइवेट अस्पताल में जाना पड़ता है। जिसके कारण आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है। उन्होंने बताया कि बरही अनुमंडलीय अस्पताल में छह एमबीबीएस डॉक्टर्स कार्यकर्त है। इसके बाद भी पीएचसी गौरियकर्मा में किसी भी एमबीबीएस डॉक्टर्स का प्रतिनियोजन नही किया गया है। जिसके कारण लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं नही मिल पा रही है। मांग करते हुए कहा कि यदि अविलम्ब गौरिया कर्मा पीएचसी सहित सभी एडिशनल पीएचसी में परमानेंट डॉक्टर्स की पोस्टिंग किया जाए।

## बरही बीएसए ने कोडरमा स्पोर्टिंग यूनियन को आठ विकेट से हराकर लहराया अपना परचम

### प्रखंड मैदान में अंडर 16 क्रिकेट मैच का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**



बिएसए के खिलाडी

बरही स्पोर्ट एसोसिएशन की ओर से प्रखंड मैदान बरही अंडर 16 एक दिवसीय क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। इसमे बरही बीएसए एवम कोडरमा स्पोर्टिंग यूनियन के बीच फ्रेंडली क्रिकेट मैच खेला गया। जिसमें ट०स जीतकर कोडरमा स्पोर्टिंग यूनियन की टीम ने बैटिंग करने का फैसला किया। जिसमें कोडरमा की टीम ने 22 ओवर में 71 रन पर अ०लआउट हो गई। लक्ष्य हासिल करते हुए मेजबान बरही की टीम ने 11 ओवर 1 गेंद में 2 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल किया। इस प्रकार बरही बीएसए ने 8 विकेट से मैच जीत लिया। मैच का निर्देशन बीएसए संरक्षक अब्दुल मनान वारसी ने किया। मौके पर बरही बीएसए-16 के टीम में कप्तान सूरज कुमार, उप कप्तान अनीश कुमार, रोहित कुमार, शमी अख्तर, सुधीर कुमार, मयंक कुमार, विराट कुमार, अमित कुमार, रवि कुमार, अंबुज सिंह, गोलू सिंह, ऋषि कुमार, अंशु कुमार, प्रतीक कुमार तथा कोडरमा टीम के कप्तान प्रियश कुमार, शाहिद अंसारी, शेखर कुमार, वश कुमार, सागर कुमार, राहुल कुमार, अंशु कुमार, आरिफ अंसारी, पूजा कुमारी, प्रिंस कुमार, संदीप कुमार, कुंदन कुमार, रोबिन कुमार आदि मौजूद रहे।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## आर्य कर्ण निधि ने चौथा स्थापना दिवस मनाया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव में आर्य कर्ण निधि लिमिटेड कंपनी ने अपना चौथा स्थापना दिवस मनाया। कंपनी के सीएमडी रंजीत कुमार मेहता एमडी देवदीप महत्व संयोजक सरोज सोनी व अन्य वरिष्ठ सदस्यों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं केक काटकर स्थापना दिवस मनाया। इस दौरान अधिकारियों ने एक दूसरे को केक खिलाकर स्थापना दिवस की बधाई दी।मौके पर सीएमडी रंजीत कुमार मेहता ने कहा कि महज 3 वर्षों में सदस्यों के प्रयास से विशिष्ट विशिष्ट स्थान प्राप्त की है। कंपनी ने साम.ुदायिक विकास कार्यक्रम के तहत अब तक दर्जनभर से अधिक फुटब०ल एवं क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन कराया है वही कोविड-19 ल०कडाउन में ढाई हजार से अधिक आम गरीब असहाय लोगों के बीच चवनप्राश, मास्क ,श्री तुलसी, साबुन एवं मि.हलाओं के लिए उच्च क्वालिटी की आयुर्वेदिक सिरप का वितरण किया जा चुका है। स्थापना दिवस के मौके



केक काटते सीएमडी रंजीत कुमार मेहता व अन्य।

पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से सीएमडी रंजीत कुमार मेहता, एमडी देवदीप महतो, सरोज सोनी, पवन कुमार महतो, तुलसी राणा, कुलदीप कुमार, रूप कुमारी, कृष्णा राम ,सुनीता कुमारी, खुशबू कुमारी, यमुना देवी, मंजू देवी, स्वाति कुमारी, विकास कुमार रवि, गीरधारी गंझू, सिकेंद्र साव, सुनील गंझु, किरण कुमार, लक्ष्मण महतो, श्याम प्रसाद, बाल कृष्ण कुमार, तालेश्वर राम, मुनेश्वर प्रजापति, महेंद्र पाण्डेय, नागेंद्र राम, गोकुल महतो, भीम कुमार, बबलू कुमार, अजय कुमार, दीपक कुमार, सिकेंद्र कुमार, रंजित कुमार, धनेश्वर गंझु, ईश्वर गंझु, अरुण महतो, शिव कुमार ठाकुर, अजय कुमार, कुंदन कुमार, आकाश कुमार, अरुण कुमार, बालेश्वर महतो, के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## जिला विधिक ने ग्रामीण क्षेत्र में दिया कानूनी जानकारी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / धनंजय कुमार**

बरही प्रखंड के भिन्न-भिन्न पंचायत के गांव-मोहल्ला में जिला विधिक सेवा प्राधिकार सह न्याय सदन हजारीबाग सचिव पुरुषोत्तम कुमार गोस्वामी के नेतृत्व में कानूनी जागरूकता अभियान रविवार को आयोजित किया गया। जिसमें खोड़ाहार पंचायत के ग्राम खोड़ाहार, देवचंदा, कदवा, कुण्डवा, दौरवा, केवाल, रालो, हुट्वा, बरसोत, बरैठ्ठा सहित कई गांवों के ग्रामीणों को कानूनी जानकारी देते हुए उनके मौ.लिक अधिकार, सरकार के कल्याणकारी योजना सहित कई आवश्यक जानकारी पैनल ल०यर बा. सुदेव राणा, पीएलवी हरेंद्र राणा, बरही पीएलवी पंकज कुमार ने दिया। पैनल ल०यर राणा ने बताया कि विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 में पारित किया गया। जिसके द्वारा केन्द्र में राष्ट्रीय विधिक सेवा समिति एवं जिलों में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का गठन किया गया। इस अधिनियम के माध्यम से राष्ट्रीय विधिक सेवा प्रा.धिकरण पर एक प्रमुख दायित्व सौंपा गया कि ग्रामीण क्षेत्रों, गरीब बस्तियों या कालोनियों में समस्त कमजोर वर्गो को उनके अधिकारों के साथ ही



विधिक सेवा प्राधिकार की जानकारी देते डालसा टीम

लोक अदालतों के माध्यम से विवादों को सुलझाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए शिक्षित करने के प्रयोजन से विधिक सहायता शिविरों का आयोजन किया जाय। जिसका राज्य प्राधिकरणके माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकार सह न्याय सदन पर कार्यक्रमो का क्रियान्वयन का उत्तरदायित्व सौंपा गया। मौके पर पैनल ल०यर बासुदेव राणा, पीएलवी हरेंद्र कुमार राणा, पंकज कुमार ने रविवार को बरही प्रखंड के खोड़ाहार, देवचंदा, कदवा, कुण्डवा, दौरवा, केवाल, रालो, हुट्वा, बरसोत, बरैठ्ठा में भारत की आजादी के 75 वें वर्षगांठ पर अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में जागरूकता शिविर का आयोजन कर आमजनों को मौलिक अधिकारों की जानकारी दी गई। टीम ने ग्रामीणों को बताया कि संविधान में एक क्रान्तिकारी व्यवस्था करते हुऐ संविधान में अनुच्छेद-39 (क) जोड़कर राज्यों पर यह दायित्व सौंपा गया कि वे यह सुनिश्चित करें कि विधिक तंत्र इस प्रकार से कार्य करें कि समान अवसर के आधार पर न्याय सुलभ हो तथा विशेषकर यह सुनिश्चित किया जाय कि आर्थिक निर्बलता या किसी अन्य निर्बलता के कारण कोई नागरिक न्याय प्राप्त करने के अवसर से वंचित न रह जाये। ऐसे व्यक्ति को उपयुक्त विधान या स्कीम द्वारा या किसी अन्य रीति से निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध करायी जाये।

### आज का पंचाङ्ग----

आज का अंग्रेजी दिनांकः---25.10.2021
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शकेः---1943
याम्यायन याम्यगोलरू
ऋतुः--शरद
माहः-कार्तिक
पक्षः-कृष्ण पक्ष
तिथिः---पंचमी तिथि
दिनः---सोमवार
नक्षत्रः---मृगशिरा नक्षत्र
योगः---परिघ
करणः---कौ
सूर्योदय :---प्रातः 06:23
सूर्यास्त : संध्या 05:37
सूर्य :---तुला राशि में
चंद्रमा :---वृष राशि में दिन 12:53 तक उपरांत मिथुन राशि में
आज का राहूकाल प्रातः:--07रू30 बजे से प्रातः:---09:00 बजे तक
अभिजीत मुहूतः-दोपहर 11:36 से 12:24 तक
(नोटः---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रा.रंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभि.जीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)
आज का पर्व त्यौहार,मुहूर्त व खासः---आज भोलेनाथ को दुग्धाभिषेक करने से मन शांत रहता है।



आलेखः---
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इट्खोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

APEM LIVE

## चंदौल पंचायत महाकाली पूजा कमिटी का हुया गठन

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

प्रखंड के चंदौल पंचायत में महाकाली पूजा कमिटी को लेकर चंदौल मंदिर प्रांगण में पूजा कमिटी के पदाधिकारियों के चयन के लिए बैठक की गई। बैठक में सर्व समिति से सभी पदों का चयन किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए अशोक महतो, सचिव पद के लिए विकास पांडे, कोषाध्यक्ष पद के लिए किशोर राम एवं 21 कार्यकारिणी सदस्यों का भी चयन किया गया। इस वर्ष भी पूजा धूमधाम से मनाने का फैसला किया गया।बैठक में असेश्वर राम, अवधेश सिंह, रामचंद्र गंझु, दिनेश्वर पासवान, अशोक राम, उमेश राम, रघुवीर राम, मनोज राम, रवि पासवान, सुरेश चौधरी, तारकेश्वर दास, मनोज राम सहित चंदौल पंचायत के बुद्धिजीवीगण शामिल हुए।



बैठक मे उपस्थित लोग

## जनता के बीच अपनी बातों को पहुंचाना और उनकी समस्या सुनना ये मेरी पहली प्रत्मिकता हैःमनोज

### चौपारण के ताजपुर पंचायत में जनसंपर्क अभियान जारी रहा

**अपेम लाइवःचौपारण**
**धीरज प्रजापति**

जिला परिषद भाग दो के भावी उम्मीदवार मनोज कुमार सिंह ने चौपारण प्रखंड के ताजपुर में कई गांव का दौरा जारी रहा लोगों से मिल कर आने वाले चुनाव में अपने पछ में समर्थन मांगा , लोगों का सहयोग मिल रहा है, इस से मेरा मनोबल और बढ़ गया हम क्षेत्र में निस्वार्थ भाव से सेवा करने आए न कोई लोभ न कोई लालच अगर जनता मुझे मौका दिया तो मैं लोगों का विश्वास टूटने नहीं दूंगा, जो वादा किया हुं उसे हर हाल में पुरा करूंगा इसी करम में मरहेड़ी, ताजपुर टांड़ , ताजपुर नावा, पत्थल गड़वा, ब्लैक मैदान, फिर कई लोगों से व्यक्तिगत रूप से मिला, साथ चल रहे, प्रमोद सिंह, पप्पू दास, चंदन दास, दीपक कुमार, संजय भुइयां, राज कुमार, प्रमोद कुमार यादव, मुकेश यादव, राहुल यादव, मोहम्मद महबूब, मिन्हाज आलम सुनील कुमार, बिनोद भुइयां, प्रकाश चंद्रवंशी, संतोष चंद्रवंशी, नारो यादव, जितेंद्र भुइयां, सुनीता देवी, सहित कई लोग उपस्थित हुए।।



जनसंपर्क अभियान चलाते मनोज सिंह

## चंदवारा पूर्वी से विकास कुमार दास ने जिप प्रत्याशी के लिए पेश की दावेदारी

### विकास कुमार दास के समर्थन में उतरे समाजसेवी कृष्णा यादव, समर्थन करने की अपील

**अपेम लाइवः चँदवारा**

सामाजिक कार्यकर्ता विकास कुमार दास ने चंदवारा पूर्वी से जिला परिषद सदस्य के लिए अपनी दावेदार पेश कर दी है। बतौर जीप सदस्य उम्मीदवार विकास कुमार दास ने अपनी विजन की जानकारी देते हुए कहा कि चंदवारा पूर्वी भाग अब तक विकास से कोसो दूर रहा है। लोग आज भी अपनी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। न तो युवाओं को रोजगार मिला और न ही ग्रामीणों को नियमित शुद्ध पेयजल की आपूर्ति ही हो रही है। आ.जादी के सात दशक बीत जाने के बाद भी किसानों के लिए सिचाई की व्यवस्था नही हो पाई। जबकि तिलैया डैम का जलाशय पास ही है। चंदवारा पूर्वी के कई गांव आज भी विस्थापन का दंश झेल रहा है। लेकिन आज तक विस्थापितों के कल्याण एवं विकास के लिए कोई काम नही हुआ।



विकाश कुमार दास

विकास कुमार दास ने कहा कि चंदवारा पूर्वी की जनता इस बार अपना समर्थन एवं आशीर्वाद दी तो निश्चित ही चंदवारा पूर्वी का विकास होगा। विकास कुमार दास के समर्थन करते हुए युवा नेता एवं चंदवारा पूर्वी के सामाजिक कार्यकर्ता कृष्णा यादव ने कहा कि विकास कुमार दास सुलझे हुए जननेता हैं। यदि चंदवारा पूर्वी की जनता इन्हें जिला परिषद सदस्य बनाती है। तो शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सिच.ाई एव पेयजल आपूर्ति का काम युद्ध स्तर पर कराया जाएगा। उन्होंने अपने समर्थकों एव शुभचिंतकों से अपील किया है कि वे विकास को समर्थन करें।

अपेम लाइव न्यूज
संध्या दैनिक अखबार के लिए प्रखंड स्तर पर संवाद सूत्र (पत्रकार) की जरूरत

यदि आपमें अपने समाज के दबे कुचले, अभिवंचित वर्ग के लिए कुछ करने की जूनून है, यदि आप भ्रष्ट व्यवस्था के खिलाफ आवाज उठाना चाहते हैं। यदि आप निःस्वार्थ भाव से पत्रकारिता करने को इच्छुक हों तो आप अपेम लाइव न्यूज संध्या दैनिक अखबार से जुड सकते हैं।

जिला : हजारीबाग
प्रखंड/ क्षेत्र जहां के लिए पत्रकार की जरूरत है- ईचाक, चरही, बडकागांव, कटकमसांडी, हजारीबाग सदर, कट.कमदाग, पदमा, दारू, विजैया, चलकुसा

जिला : चतरा
प्रखंड/ क्षेत्र जहां के लिए पत्रकार की जरूरत है- ईटखोरी, टंडवा, चतरा सदर, कन्हाचट्टी, प्रतापपुर, सिमरिया, मयूरहंड, हंटरगंज, लावालौंग,गिद्धौर,


जिला : कोडरमा
प्रखंड/ क्षेत्र जहां के लिए पत्रकार की जरूरत है-
कोडरमा सदर, जयनगर, मरकच्चों, डोमचांच, सतगांवा

योग्यताः स्नातक , स्मार्ट मोबाइल हो, कंप्यूटर की जानकारी हो

संपर्क सूत्रः 9550809864, 9431129570, 9934337941
Email: liveapem@gmail.com ( for Resume)

अपेम लाईव न्युज मे विज्ञापन के लिए संपर्क करें।
9550809864

APEM LIVE














## कोनरा पंचायत के योग्य व कर्मठ भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून का संकल्प

1. कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना
2. कोनरा पंचायत के गरीब बच्चियों की शादी विवाह के लिए फंड की व्यवस्था करना,
3. रियाडा में विस्थापित रैयतो को प्राथमिकता के साथ रोजगार दिलाना
4. गरीब, विधवा, बुजुर्ग को पेंशन दिलाना
5. जरूरतमंद गरीब को राशन कार्ड उपलब्ध कराना
6. गरीब मेधावी बच्चों एवं बच्चियों की निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करना,
7. कोनरा पंचायत में सभी धर्म, जाति संप्रदाय के बीच आपसी सद्भाव एवं भाईचारगी कायम रखना,



सैरा खातून, मुखिया प्रत्याशी,
कोनरा पंचायत

आपका समर्थन, कोनरा का विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा।

इस बार कोनरा की जनता ने ठाना है, समाजसेविका सैरा खातून को मुखिया बनाना है।

महिला सशिक्तकरण एवं महिलाओं के शोषण के खिलाफ अब आवाज होगा बुलंद।



निवेदिका :- कैशर प्रवीण

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

# चौपारण जिला परिषद भाग 2 के योग्य, कर्मठ, अनुभवी एवं गरीबों का मसीहा, भावी उम्मीदवार मनोज कुमार सिंह । जानिए इनके बारें में.



मनोज कुमार सिंह, जिप प्रत्यशी, चौपारण भाग 2

## पारिवारिक पृष्ठभूमि

नामः मनोज कुमार सिंह
पिताः स्व रामलखन सिंह
निवास स्थानः कुतलू
पंचायतः जगदीशपुर
जिला परिषद क्षेत्रः चौपारण भाग 2
पेशाः व्यवसाय एवं समाजसेवा

## राजनीतिक व समाजिक पृष्ठभूमि

राजनीतिक

1. भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य,
2. भाजपा झारखंड सेल अध्यक्ष, मुंबई,

सामाजिक

1. झारखंडवासी महाराष्ट्र युवा मंच कोर कमेटी अध्यक्ष

## हमारा विजन, सोच एवं हमारा लक्ष्य

1.चौपारण के प्रवासी मजदूरों के लिए चौपारण क्षेत्र में ही स्वरोजगार की व्यवस्थ करना।
2. स्वयं सहायता समूह को बढावा देकर महिलाओं को स्वरोजगार से जोडना एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर।
3. छात्र युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा की व्यवस्था कर स्वरोगार की व्यवस्था करना।
4. लघु एवं कुटीर उद्योग को बढावा देना।
5. चौपारण में स्नातक स्तर का कॉलेज की स्थापना।
6. बुजुर्गो एवं विधवा महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर वृद्धावस्था, समाजिक सुरक्षा पेंशन उपलब्ध कराना ।
7. गरीब असहाय बुजुर्गो के लिए आवासीय आश्रम की व्यवस्था सरकारी सहयोग से करना ।
8. खेल एवं खिलाडियों के विकास के लिए खेल सामग्री एवं चौपारण में संसाधन युक्त एक खेल स्टेडियम का निर्माण करवाना ।
9. किसानों के खेतो तक सिंचाई के लिए लिफ्ट इरिगेशन की व्यवस्था करना ।
10.कुंभकार भाईयों सहित सभी तमरह के कारीगरों को प्रशिक्षण की व्यवस्था कर स्वरोजगार से जोडना ।

# चौपारण भाग 2 के भावी उम्मीदवार मनोज कुमार सिंह के द्वारा किए गए कार्यों की कुछ झलकियां, जनता का समर्थन, अर्शीवाद से बदलेगा चौपारण की तस्वीर ..



बच्चो एवं महिलाओं के बीच छतरी का वितरण करते मनोज कु सिंह



प्रवासी मजदूर का शव का भिजवाते मनोज कुमार सिंह



बच्चों के बीच पुस्तक वितरण करते मनोज कुमार सिंह



खिलाडियों को सम्मानित करते मनोज कुमार सिंह



ईद मिलादून्नबी की मुबारक बाद देते मनोज कुमार सिंह



ग्रामीणों की समस्या से अवगत होते मनोज कुमार सिंह



महिला सशक्तिकरण पर चर्चा करते मनोज कु सिंह



सहयोगियों के साथ स्वरोजगार पर चर्चा करते मनोज सिंह



युवाओं के साथ रोजगार पर चर्चा करते मनोज सिंह



अपनी विचार व्यक्त करते मनोज कुमार सिंह



ट्रॉफी देते मनोज कुमार सिंह



कृषि चौपाल लगाते मनोज कुमार सिंह

निवेदकः प्रमोद सिंह, समाजसेवी, चौपारण जिला परिषद भाग 2

## आर्य कर्ण निधि के द्वारा नीलाम्बर पीताम्बर फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



प्रतियोगिता का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि सीएमडी रंजीत कुमार मेहता

बड़कागांव में संचालित आर्य कर्ण निधि लिमिटेड के चार वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में इतिज गांव में फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के शुभारंभ पूर्व आर्य कर्ण निधि लिमिटेड के सीएमडी रंजीत कुमार मेहता व उपस्थित सदस्यों को झारखंडी गीत व नृत्य के साथ स्वागत किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ सीएमडी रंजीत कुमार मेहता एवं एमडी देवदीप महतो ने संयुक्त रुप से फीता काटकर एवं फुटबॉल को किक मार कर किया। टूर्नामेंट में कुल 32 टीमो ने भाग लिया है। मैच का शुभारंभ घाटो बनाम मांडू के बीच खेला गया जिसमे पेनाल्टी शूट में घाटो की टीम ने एक गोल से जीत दर्ज की। इस मैच में कोमेंटेटरी कर रहे जुगरा गांव निवासी व चेपाकला पंचायत के पंचायत समिति के संभावित प्रत्याशी कृष्णा राम के द्वारा हिंदी, अंग्रेजी व क्षेत्रीय भाषा मे लोगों को भरपूर मनोरंजन किया। मौके पर मुख्य रूप से आर्य कर्ण निधि लिमिटेड के संयोजक सरोज सोनी,आर के इंफोटेक के प्रोपराइटर रूपा कुमारी , एमडी देवदीप महतो, पवन कुमार मैच के आयोजनकर्ता संजय कुमार गंझू, अम्बेडकर गंझू, कोषाध्यक्ष किशोर भोक्ता, व सदस्य रीतेश भोक्ता, अजय भोक्ता, बादल गंझू,रीतलाल गंझू, नागेश्वर गंझू,पंकज गंझू, उपेंद्र गंझू, मुकेश गंझु व इतिज गांव के सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## बड़की धमराय के जन वितरण दुकानदार तिलक यादव का आकस्मिक निधन, संघ ने पीड़ित परिवार को सौंपा 25 हजार सहयोग राशि

**अपेम लाईव : चंदवारा**
**धीरज कुमार**



सहयोग राशि सौंपते जन वितरण संघ के सदस्यगण

बड़की धमराय के जन वितरण दुकानदार तिलक यादव के आकस्मिक निधन होने पर चंदवारा प्रखंड जन वितरण संघ के द्वारा उनके परिजनों को सहयोग राशि के रूप में पच्चीस हजार रूपये दिया गया। मौके पर संघ के प्रखंड अध्यक्ष राम लखन यादव ने कहा कि संगठन के किसी भी व्यक्ति के साथ घटना-दुर्घटना या आक. स्मिक मृत्यु होती है तो उनके परिजनों को सहयोग करने के लिए संघ हमेशा तत्पर रहता है। उन्होंने संघ के सभी सदस्यों से आग्रह करते हुए कहा कि संगठ्न की मजबूती के लिए एक दूसरे को सहयोग करते रहे। मौके जन वितरण संघ के अध्यक्ष राम लखन यादव, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र बैठा, सचिव सिकंदर राम, जिला उपाध्यक्ष विनोद प्रसाद वर्णवाल, नंदलाल गिरी, सच्चिदानंद पांडेय, रूपलाल महतो, गुलाम रमुल, मोहम्मद शाहिद, बद्री प्रसाद यादव, छोटू यादव, विकास महिला मंडल के रामचंद्र यादव, रा. जकुमार पांडेय, पूनम महिला मंडल के उपेंद्र कुमार राम, मोहम्मद सलीम, सुखदेव यादव, मो. हम्मद इशाक, राम किशुन राम, देवी महिला मंडल के माला देवी, गंगा प्रसाद यादव, यमुना महिला मंडल सहित कई विक्रेता उपस्थित थे।

## सिंदूवारी पंचायत से गुडू राम ने मुखिया की दावेदारी पेश की

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



गुड्डू राम

सिंदूवारी पंचायत से सोनबरसा निवासी समाजसेवी गुड्डू राम ने आगामी चुनाव के लिए मुखिया की दावेदारी पेश की है। उन्होंने कहा कि पंचायत में चौमुखी विकास के साथ-साथ शिक्षा एवं नारी सशक्तिकरण पर जोर दिया जाएगा। आगे उन्होंने कहा कि गरीब और दबे कुचले लोगों की आवाज बनना चाहते हैं। नौजवानों के साथ मिलकर सिंदूवारी पंचायत में हर प्रकार से विकास करना चाहते हैं। बता दें कि गुड्डू राम हमेशा सामाजिक कार्य में बढ़-चढ़कर अपना योगदान देते आ रहे हैं। सामाजिक कार्यो को करने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं।

**APEM LIVE**

## बड़कागांव पश्चिमी मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में विभिन्न गांव में मास्क एवं दवाई वितरण की गई

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**




मास्क एवं दवाई वितरण करते

हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा के सौजन्य से बड़कागांव पश्चिमी मंडल के विभिन्न गांव में मंडल अध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में कोरोना के तीसरी लहर के देखते हुए दवाई और मास्क वितरण किया गया।डाडी कला पंचायत में प्रभारी इंद्र भूषण एवं चेपकला पंचायत के प्रभारी मिथुन राम के द्वारा घूम घूम कर गांव में बुथ पर मास्क एवं दवा वितरण किया। वहीं डाडीकला पंचायत के सभी बूथ में मंडल अध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता ने ग्राम चेपाखुर्द , डाडीकला, मंझलीडाडी, चेपकला पंचायत के गांवों में जुगरा, आराहरा, हुदवा, में बूथ में ग्रामीणों के बीच मास्क एवं दवाई का वितरण किया गया। जिसमें मुख्य रूप से सुनीता देवी, गोपाल प्रजापति, खेमानी साव, भोला साव, मनोज विश्वकर्मा ,जयनंदन सिंह, प्रमोद महतो, शिव शंकर महतो, अजय यादव, बैजनाथ कुमार साव, प्रेम साव, उपस्थित थे।

## सरकार से टूटा भरोसा तो श्रमदान से सड़क बनाने में जुटे ग्रामीण

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश कुमार गोल्डी**



विष्णुगढ़ में श्रमदान से रास्ता बनाने में जुटे ग्रामीण

विष्णुगढ़ प्रखंड के खरना पंचायत के आदिवासी बहुल गांव जरवा, जावाबारी, हा. थीबार आजादी के 75 सालों के बाद भी आज तक मुलभूत सुविधाओं वंचित है। ये गांव आज तक सड़क मार्ग से नहीं जुड़ पाए है। पहाड़ी पर अवस्थित होने के कारण इन गांवों में बाइक से आना जाना भी असंभव है। आज भी लोग कच्ची, उबड़खाबड़ पथरीली सड़क से आवागमन करने को मजबूर हैं। सबसे अधिक किसी के बीमार होने या महिलाओं के प्रसव के समय उठानी पड़ती है। प्रसव पीड़ा से कराहती मं. हलाओं को अस्पताल लाने के लिए 20 किलोमीटर तय कर बन्हे होते हुए प्रखंड मुख्यालय विष्णुगढ़ अस्पताल लाना पड़ता है। खाट पर टांग कर पहाड़ी से 6 किलोमीटर उतरने के बाद खरना होते हुए इन्हें विष्णुगढ़ लाना पड़ता है। तब पीड़ा से कराहती मं. हलाओं को इलाज हो पाता है। इसके कारण कभी-कभी तो मरीज रास्ते में हीं दम तोड़ जाते हैं। एकता परिषद जन संगठन के नेतृत्व में 2019 में भी सरकार और जन प्रति. निधियों का ध्यानाकर्षन कर श्रमदान से कच्चा रास्ता तैयार किया गया था। इधर, बारिश के तेज बहाव के कारण रास्ता फिर से खराब हो गया है। इसे देखते हुए ग्राम संगठन ने रास्ता बनने तक तीनों गांव के लोग श्रमदान कर आवागमन सुविधा बहाल करने का निर्णय लिया है। लगातार बीते पांच दिनों से श्रमदान कर ग्रामीण इसमें जुटे हुए हैं। एकता परिषद के सक्रिय सदस्य जरवा निवासी बिंदिया देवी कहती है कि कई बार सड़क निर्माण को लेकर आवेदन दिया गया पर आज तक किसी ने इस पर तत्परता नहीं दिखाई। आखिर में दैनिक मजदूरी छोड़कर श्रमदान से सड़क बनाने का निर्णय लिया गया है। इसमें एकता परिषद के जिला संयोजक चुनुलाल सोरेन का मार्गदर्शन अहम है।

## बाल विवाह रोकथाम को लेकर फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन



बाल विवाह रोकथाम को लेकर बालिकाओं, अभिभावकों एवं ग्रामीणों को जागरूक करने को लेकर रविवार को विष्णुगढ़ प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का पहला मुकाबला विष्णुगढ़ बनाम बेड़ा हरियारा की टीमों के बीच खेला गया। जिसमें बेड़ा हरियारा की टीम 8-0 से विजेता बनी। वहीं, प्रतियो. गिता का दूसरा मुकाबला विष्णुगढ़ बनाम पंड़वापोखर की टीमों के बीच खेला गया। जिसमें पंड़वापोखर की टीम 2-0 से विजयी रही। स्वयंसेवी संस्था समाधान द्वारा आयोजित कराए गए मैच में सभी टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए संस्था के अध्यक्ष संजीव भट्टाचार्जी ने कहा कि समाज में व्याप्त बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों के कारण सीधा असर न केवल बालिकाओं पर बल्कि उनके परिवार और पूरे समुदाय पर होता है। शिक्षा के साथ-साथ समुदाय पर योगदान देने की क्षमता पर भी प्रभाव होता है। बाल विवाह से घरेलू हिंसा को भी बढ़ावा मिलता है। इसकी रोकथाम के लिए समुदाय में जागरूकता लाना जरूरी है। सचिव हिल्ड़ा पिन्टो ने भी खिलाड़ियों समेत कार्यकर्ताओं की हौसला आफजाई की। मौके पर राहुल शीतल, नीतू देवी, रश्मिलता, जगदीश ठाकुर, प्रभा कुमारी, महादेव महतो समेत कई लोग मौजूद थे।




**आप भी है पत्रकार, आप अपने आस पास की समस्या, घटना से अपेम लाइव न्यूज को अवगत करा सकते हैं।**
**संपर्क-9431129570**
**यदि आप भी दबे कुचले, अभिवंचित वर्ग की आवाज बनना चाहते हैं जो आज ही जुडीए अपेम लाइव से, बन जाइए पत्रकार**

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## पर्यावरण संरक्षण एवं संतुलन के लिए आम जागरूकता जरूरी : सरयू राय

### वायु प्रदूषण पर दो दिवसीय सेमिनार आयोजित

**अपेम लाइव : बोकारो**


संगोष्ठी में शामिल अतिथि एवं अन्य

युगांतर भारती और राईट लाईवलीहुड, 2021 पुरस्कार से सम्मानित नई दिल्ली की संस्था लीगल इनिशिएटिव फॉर फॉरेस्ट एंड एनभायरमेंट (लाईफ) के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय संगोष्ठी, का आयोजन किया गया। जिसका विषय 'उत्तरी छोटनागपुर क्षेत्र में पर्यावरणीय चुनौतियाँ' रखा गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दामोदर बचाओ आंदोलन के अध्यक्ष सह जमशेदपुर के विधायक सरयू राय ने कहा की पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण के क्षेत्र में कार्यरत गैरसरकारी संस्थाओं का यह पहल सराहनीय है। पर्यावरण आज के समय मे गंभीर चिंतन का विषय बन गया है जिसमें जाने अनजाने हम और हमारा परिवार इसके भुगतभोगी या पीड़ित है. धनबाद को कोयला खनिज, खनन, कोयला में लगी आग और इससे उत्पन्न पर्यावरणीय प्रदूषण के बारे में देश और दुनिया मे परिचय का मोहताज नही है। श्री राय ने कहा की धनबाद पर्यावरण का मार्मिक स्थल है. देश मे बने पर्यावरण कानून और अधिनियमो का अनुपालन विशेषज्ञो के अनुसार जमीन पर किया जाए तो आम लोगों के जीवन का स्तर को सुधार होगा। उन्होंने कहा की पहले चिमनियों से धुआँ के निकलने का मतलब विकास का पैमाना था पर आज के परिपेक्ष्य में धुआँ मानव जीवन और पर्यावरण में प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। श्री राय ने बताया की 2006 में इंवॉयरमेंटल इम्पैक्ट असेसमेंट का कानून बना। दामोदर एक्शन प्लान के पहले ही कानून बना जिसमें पर्यावरण के सन्दर्भ में पर्यावरण संरक्षण हेतु चिंतन कर प्रावधान को निहित किया गया. स्वयंसेवी संस्थाओं पर नियंत्रण के जगह सरकारी विभागो को उनके लिए निहित कार्यो के लिए जबाबदेह बना दिया जाए तो संविधान के अनुसार फंडामेंटल राइट्स के तहत लोगों को सामान्य जीवन दे सकते है.। श्री राय ने कहा की देश के मेधावी मस्तिष्क को पर्यावरण की कठोर समीक्षा करने की आवश्यकता है। जिसमें अधिवक्ता को ही नही पर तकनीकी विशेषज्ञो की टीम जिसमे विश्वविद्यालय को भी आगे आना होगा. बाजार जहाँ जहाँ जा रहा है वहां वहां पर्यावरण प्रदूषण एक समस्या बनता जा रहा है। राय ने भारत सरकार से एक एन्व०यरमेंट लॉ कमिशन बनाने के मांग की जो पर्यावरणीय कानून की क्रियावरण करेगा.। संगोष्ठी में लाइफ संस्था के मुख्य ट्रस्टी और प्रख्यात अधिवक्ता रित्विक दत्ता ने कहा की भारत आज दुनिया के पर्यावण इंडेक्स के मानकों में 180 में 168वे स्थान पर है. इसका मतलब है कि हमारे अगल बगल के पड़ोसी देश इस संदर्भ में भारतवर्ष से पर्यावरण संरक्षण के मामले में आगे है. देश मे 347 शहरों के तुलना में 122 शहरों का वायु तय मानकों से ऊपर है. पर देखा जाए तो देश मे 4000 शहर है पर केवल 347 में ही आधुनिक वायु मापी यन्त्र लगे है। सोचिये की अगर 4000 शहरों में लगेगा तो कितना शहर रहने लायक नही होगा। दत्ता ने कहा जब पर्यावरण के मुद्दों को लेकर माननीय न्यायलयो में जाते है तो पाते है कि वहाँ जिस प्रकार से केंद्रीय सरकार और राज्य सरकार जबाब देती है वह गैरजिम्मेदाराना होता है. जैसे प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के सदस्य सचिव ने एफिडेविट दिया और माना कि तय मानक से अधिक प्रदूषण है. उसने लिखा कि 999 जो अधिकतम है पर वस्तुतः उससे आगे का मापना के लिए मशीन ही नही लगा हुआ है। इसका मतलब यह है कि उससे कितना अधिक मात्रा में प्रदूषण है यह सरकारों को भी पता नही है. उन्होंने बताया की नागपुर में हॉस्पिटल में बच्चों के डेथ पर सरकार में पाया कि बच्चों की मौत वायु प्रदूषण और गर्मी से हुई है पर उस हॉस्पिटल ने बच्चों के वार्ड में एयर कंडीशनर नही लगवाया है। परंतु उच्च अधिकारियों के आफिस और बंगले पर सरकारी खर्च पर कई एक दर्जन एयर कंडीशनर सालों साल के लगा हुआ है यह तो सरासर गैरजिम्मेदाराना कृत है। इसपर कौन बोलेगा। अंशुल शरण ने बताया की संगोष्ठी के प्रथम तकनीकी सत्र की अध्यक्षता आईआईटी आईएसएम के प्रो. गुरदीप सिंह ने किया सत्र में सिंफर के डॉ० सिद्धार्थ सिंह ने धनबाद क्षेत्र में काला कोयला और उसके स्रोत, लाइफ के डॉ० आर के सिंह ने दिल्ली के ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान की असफलता, सिम्फर के डॉ० भानु पांडेय ने धनबाद नगर निगम क्षेत्र में व्यापक वायु गुणवक्ता पर अपना अपना व्यक्तव्य दिया। शरण ने बताया की दूसरे तकनीकी सत्र की अध्यक्षता आईआईटी आईएसएम के प्रो एस के मैती ने किया. दूसरे सत्र में सिंफर के अवकासप्राप्त वैज्ञानिक डॉ० राज शेखर सिंह ने खनन किए गए क्षेत्र में पारिस्थितिक तंत्र की बहाली पर अपना व्यक्तव दिया. तीसरे सत्र की अध्यक्षता बीआईटी सिंदरी के प्रो. रण विजय सिंह ने किया. इस सत्र में फ्लाई ऐश की समस्या पर लाइफ के ट्रस्टी डॉ० आर के सिंह ने अपना व्यक्तत्व रखा। धनबाद के सामाजिक कार्यकर्ता अरूण राय ने बताया की लाइफ, युगांतर भारती के इलावा सिंफर, बीआईटी सिंदरी, आईआईटी आईएसएम, बिरसा मुंडा स्काउट एंड गाइड और मजदूर संगठन के इलावा दर्जनों संगठन ने संगोष्ठी में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

शरण ने बताया की कल संगोष्ठी के दूसरे और आखरी दिन, जो की दोपहर के भोजन के साथ समाप्त होगा उसमे श्री सरयू राय के इलावा सिंफर के निदेशक डा. प्रदीप कुमार सिंह और अन्य कई पर्यावरणविद उपस्थित रहेंगे। संगोष्ठी में मुख्य रूप से युगांतर भारती के सचिव आशीष शीतल मुंडा, लाइफ के ट्रस्टी राहुल चौधरी, कंकना दास, सामा. जिक कार्यकर्ता अरुण राय, बिरसा मुंडा स्काउट एंड गाइड संस्था के सचिव पप्पू पंडित, सुभाष कुमार अग्रवाल, भारती के कार्यकारी अध्यक्ष अंशुल शरण ने दी।

## कपका पंचायत के मुखिया प्रत्याशी के तौर पर कमल ने पेश की दावेदारी

### शिक्षा , स्वास्थ्य एवं कृषि कार्य को दी जाएगी प्राथमिकता : कमल

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**


कमलेश कुमार

बरकट्ठा कपका पंचायत के योग्य एवं शिक्षित कमलेश कुमार उर्फ कमल पिता स्व छोटु महतो ने मुखिया पद के लिए अपनी दावेदारी पेश की है। कमलेश(कमल) कपका के वरिष्ठ शिक्षक सह समाजसेवी रामकिसुन महतो के सगे भाई है इनकी शिक्षा एमए बीएड है। दावेदारी पेश करते हुए मुखिया उम्मीदवार कमलेश कुमार (कमल) ने बताया कि पिछले पांच सालों में कपका पंचायत का जितना विकास होना चाहिए था, उतना नही हो पाया। सिर्फ कागजी खानापूर्ति की गई आज भी सरकारी स्कूलों में संसाधनो का घोर अभाव है। प्राथमिक स्वास्थ्य की सुविधा तो इस पंचायत में नही के बराबर है लोग हजारीबाग व तिलैया के भरोसे रहते है , जिसके कारण ग्रामीणों को काफी परेशानी होती है। इस ओर ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यदि कपका की जनता उन्हें अपना आशीर्वाद देकर मुखिया बनाती है तो सबसे पहले स्वास्थ्य,शिक्षा व आवास की व्यवस्था में सुधार लाया जाएगा। शिक्षा में सुधार करना मुख्य प्राथमिकता रहेगी। आंगनबाड़ी से मिलने वाली सुविधा शत प्रतिशत दिलाने का प्रयास रहेगी। महिला सशक्तिकरण पर जोर रहेगा। आवासहीन लोगो को प्राथमिकता के आधार पर आवास मुहैया कराया जाएगा। तहसील कचहरी को चालू कराया जाएगा। कपका पंचायत के किसानों को प्रशिक्षण दिलवाकर कृषि कार्य को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कपका के युवा बुजुर्ग व महिलाओं से अपील की है कि आप सहयोग करे जिससे कपका, मासीपिरि, बसरिया का सम्पूर्ण विकास किया जा सके ।

## विधायक ने सीएचसी में पेवर ब्लॉक रोड का किया शिलान्यास

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**अजित कुमार**



शिलान्यास करते विधायक अमित कुमार यादव और मौजूद अन्य लोग

बरकट्ठा सामुदायिक अस्पताल स्वास्थ्य केंद्र परिसर में सौंदर्यीकरण योजना का शिलान्यास मुख्य अतिथि विधायक अमित कुमार यादव ने पेवर ब्लॉक रोड शिलान्यास किया। उन्होंने अपने में कहा कि यह अस्पताल बरकट्ठा व चलकुशा प्रखण्ड रीढ़ है लोग स्वास्थ्य लाभ के लिए आते हैं लेकिन अस्पताल में संसाधनों का घोर अभाव है मैने विधायक मद से पिछले वर्ष कुछ संसाधन दिया था इसी कड़ी में यह अस्पताल परिसर में पेबर ब्लॉक निर्माण कार्य की महत्वपूर्ण योजना डीएमएफटी से ली गयी उन्होंने ठीकेदार से गुणवत्तापूर्ण कार्य करने का निर्देश दिया यह यह रोड डीएमएफटी मद से भवन निर्माण की ओर से 19 लाख 75 हजार की लागत से बनाया जाएगा। इस मौके पर चिकित्सा प्रभारी पदाधिकारी ड० रजनीकांत, ड० कार्तिक उरांव, सुरेंद्र नायक, शंकर साव, भोला महतो, टुकलाल नायक, छोटेलाल मेहता, त्रिवेणी यादव, मिथलेश भारती, श्रीकांत पांडेय, सुरेश पंडित,सुरेंद्र साव, शंकर साव बबलू श्रीवास्तव मो जसीम खां समेत लोग मौजूद थे।

## प्रखंड मुख्यालय मैदान में राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा की बैठक संपन्न

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**


बैठक में शामिल ओबीसी मोर्चा के लोग

बरकट्ठा प्रखंड मुख्यालय मैदान में राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा की एक बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता जिला परिषद सदस्य कुमकुम देवी के द्वारा किया गया ।बैठक का संचालन हजारीबाग जिला के अध्यक्ष बिरजू प्रसाद मेहता के द्वारा किया गया। बैठक में बरकट्ठा प्रखंड कमेटी का गठन किया गया जिसमें प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव, प्रखंड उपाध्यक्ष दयानंद प्रसाद ,प्रखंड महासचिव संजय प्रसाद को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष संजय मेहता, प्रदेश सचिव अजय कुमार मेहता की उपस्थिति में प्रखंड कमेटी का गठन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिप सदस्य कुमकुम देवी ने कहा कि जब तक सरकार जाति आधारित जनगणना और 52ः आरक्षण नहीं देती है तब तक लड़ाई जारी रहेगी। सांसद प्रति. निधि वीरेंद्र यादव ने कहा की सरकार पिछड़ों को शोषण करना बंद करें नहीं तो आने वाले चुनाव में परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहें। बैठक में विकास कुमार,महेश मंडल, किशोर कुमार यादव, विषणुदेव यादव,महेश यादव,दयाल कुमार समेत सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद थे।







डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार